SOCIAL INITIATIVE

यूनिवर्सिटी के शिक्षकों ने छात्रा के लिए 'गुल्लक' से जुटाई फीस

डीएवीवी के कॉमर्स डिपार्टमेंट के 35 शिक्षकों ने गुल्लक योजना से बीबीए की छात्रा को पढ़ाई छोड़ने से रोक दिया। इसी तरह डॉक्टर से आर्थिक मदद लेकर एक अन्य छात्र का भविष्य भी खराब होने से बचा लिया।

डीबी स्टार • इंदौर

यदि मन में दूसरों के लिए कुछ अच्छा करने की चाह हो तो जिंदगियां संवर सकती हैं। डीएवीवी के कॉमर्स विभाग के शिक्षकों ने ऐसा ही कुछ कर दिखाया है। विभागाध्यक्ष प्रीति सिंह ने बताया कि डिपार्टमेंट के दो विद्यार्थी फीस के अभाव में कॉलेज छोड़कर जा रहे थे।

शिशुरोग विशेषज्ञ ने छात्र की फीस जमा कराई

सिंह के मुताबिक उन्हें यह देखकर बहुत बुरा लगा। इसीलिए उन्होंने छात्र के लिए शहर के पीडियाट्रिशियन डॉ. वीपी गोस्वामी को आर्थिक मदद के लिए कहा। उन्होंने 50 हजार की मदद की। इससे छात्र का जाना रुक गया। एक अन्य छात्रा भी फीस के कारण पढ़ाई छोड़ रही थी। उसके लिए गुल्लक योजना के तहत 35 फैकल्टी ने पहल की।

सभी शिक्षकों ने अपने स्तर पर 500-800 रुपए देकर छात्रा की फीस का इंतज़ाम कर लिया। अब वह भी बगैर तनाव के पढ़ रही है। बता दें कि गुल्लक योजना की शुरुआत डीएवीवी की वीसी डॉ. रेणु जैन ने की है। इसका मकसद विद्यार्थियों की आर्थिक मदद करना है।